खमरिया में मुक्तिधाम पर दबंगों का कब्जा

अंतिम संस्कार के लिए तरस रहे परिजनों ने अर्थी और लकड़ियां रखकर सड़क पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

सागर /रहली 28 जुलाई. रहली के वार्ड क्रमांक 1 (खमरिया) में अंतिम संस्कार के लिए जगह न मिलने पर जनाक्रोश फूट पड़ा. भदौरिया समाज के एक व्यक्ति के निधन के बाद जब परिजन दाह-संस्कार के लिए पहुँचे, तो दबंगों द्वारा श्मशान की जमीन पर कब्जा होने के कारण उन्हें अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया.

परिजनों और समाज के लोगों का स्पष्ट कहना है कि उनके समाज के लिए कोई अलग से मुक्तिधाम नहीं है और जो जगह है, उस पर अवैध कब्जा जमा लिया गया है. ऐसे में अपने परिजनों का अंतिम संस्कार कहाँ करें, इस गंभीर समस्या से परेशान होकर आक्रोशित लोगों ने रहली-गढ़ाकोटा मार्ग पर प्रदर्शन शुरू कर दिया. मुक्तिधाम की मांग और अवैध कब्जे के खिलाफ भदौरिया समाज के लोगों द्वारा सड़क पर जाम लगाए जाने से रहली-गढ़ाकोटा मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया. प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि श्मशान की जमीन को तत्काल दबंगों से मुक्त कराया जाए और अंतिम संस्कार के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए. साथ ही, अंतिम यात्रा में बाधा पहुँचाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है.

वार्ड क्रमांक 1 में श्मशान भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ यह पहली बार नहीं इसके पहले भी अनेक बार श्मशान भूमि पर अतिक्रमण मुक्त करने के लिए वार्ड एक के रहवासी नगर पालिका राजस्व विभाग पुलिस में आवेदन दे चुके हैं. यहां तक की नगर पालिका में दरोगा रहे पूरन लाल अहिरवार ने न्यायालय में अतिक्रमण के विरुद्ध प्रकरण भी दर्ज कराया था लेकिन राजस्व विभाग के द्वारा गलत जानकारी से वह प्रकरण समाप्त हो गया था उक्त भूमि पर पट्टा लेते समय अनेक शासकीय कर्मचारी और परिवार के लोग हैं जिन्होंने गैर कानूनी रूप से पट्टे प्राप्त कर लिए हैं. वार्ड क्रमांक 1 में शासकीय नक्शे में दर्ज अनेक ऐसे रास्ते हैं जिन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है वहां से खेतों में जाने वाले रास्ते बंद कर दिए गए हैं जिसकी जानकारी नगर पालिका एवं राजस्व विभाग को बखूबी है लेकिन दबंग लोगों की पहुंच के कारण उक्त शासकीय भूमि अवैध कब्जे से मुक्त नहीं हो पा रही है. वार्ड एक निवासी नारायण सिंह भदोरिया ने बताया कि शमशान भूमि से लगे छोटे घास की जमीन पर जिन लोगों ने पट्टे प्राप्त कर रखे है, वह पहले से इसी वार्ड के भूमि स्वामी है तथा खेती हर जमीन के मालिक भी है. इसके बावजूद भी पट्टे प्राप्त करने में सफल रहे वहीं निर्धारित पट्टे से अधिक भूमि पर मकान बना रखे हैं और उसके साथ खाली भूमि पर भी कब्जा कर रखा है. सौ साल से श्मशान भूमि पर दाह संस्कार होते आये है और दो दशक के दरमियान अवैध कब्जा आबादी भूमि बताकर मकान बनाने लगे. यहां जमीन को लेकर मौखिक वाद विवाद हो चुके हैं. भदोरिया समाज के लोगों ने अर्थी के साथ चिता में रखी जाने वाली लकड़ियां सड़क पर रखकर चक्का जाम किया है.

हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की होगी रियल-टाइम ट्रैकिंग

नवभारत न्यूज

सागर 28 जुलाई. खुरई एवं मालथोन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण में मैदानी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई तथा सेवाओं में गुणवत्ता लाने हेतु निर्देश जारी किए गए.

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों द्वारा मैदानी स्तर पर बरती जाने वाली सावधानियों, मानक संचालन प्रक्रिया और प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं. प्रशिक्षण सत्र में स्पष्ट किया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या डेटा मिसमैच की स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए एएनएम, आशा, सीएचओ एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की गई है. प्रशिक्षण में गलत डेटा प्रविष्टि रोकने, एलएमपी, ईडीडी, एएनसी तथा टीकाकरण का सटीक रिकॉर्ड रखना अनिवार्य बताया गया. प्रथम तिमाही के भीतर गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन व पहली एएनसी जाँच पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित स्क्रीनिंग कर उनकी सूची स्वास्थ्य केंद्रों में चस्पा करने तथा जोखिम वाले मामलों में महिलाओं को प्रसव से 7 से 10 दिन पूर्व ही बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराने के निर्देश दिए. अत्यधिक गंभीर मामलों को तत्काल जिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज रेफर करने को कहा गया है. मैदानी स्तर पर योग्य दंपतियों से संवाद और प्रसव-पश्चात गृह भेंट के दौरान काउंसलिंग में आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख भूमिका तय की गई है. इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित अनमोल पोर्टल युविन पोर्टल पर सही समय में, सही तरीके से जांच कर लिया गया सही डेटा दर्ज करने पर भी अत्यधिक जोर दिया गया.

अधिवक्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

नवभारत न्यूज

सागर 28 जुलाई. कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर इलाके में एक अधिवक्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई.

तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सदर निवासी अधिवक्ता दीपक रंजन तिवारी सुबह अपने घर पर मौजूद थे. इसी दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई. परिजनों ने बताया कि घर के भीतर से आवाज सुनाई देने पर वे कमरे में पहुंचे, जहां दीपक जमीन पर पड़े मिले. उन्हें तत्काल उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें बचाया नहीं जा सका. कैंट थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

घर पहुंचा अमला

सागर. दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत विभागीय स्टाफ द्वारा 12,500 पशुपालकों के घर-घर पहुंचकर गृह भेंट की गई है. इनमें से 11,525 पशुपालकों की ऑनलाइन प्रविष्टि सफलतापूर्वक की जा चुकी है. अभियान के दौरान पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से उन्नत नस्ल सुधार, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है. साथ ही इन विषयों से संबंधित जागरूकता रील उनके मोबाइल पर साझा की जा रही हैं. पशुपालन गतिविधियों से जुड़े व्हाट्सएप चैनल से भी पशुपालकों को जोड़ा जा रहा है.

महूनाजाट में साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

खुरई 28 जुलाई. जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज भूपेंद्र सिंह ने शासकीय हाईस्कूल महूनाजाट में आयोजित सम्मान जो समाज के काम आए अभियान के अंतर्गत 250 छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री 18 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की.

उन्होंने दशहरा मैदान स्थित श्रावण मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा महामंगला शेड, खुरई में आयोजित नि:शुल्क सहायक उपकरण परीक्षण एवं पंजीयन शिविर में भी सहभागिता की. श्रीमती सिंह ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री एवं खुरई विधायक श्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों के सम्मान की परंपरा को समाजहित से जोड़ते हुए सम्मान जो समाज के काम आए अभियान की शुरुआत की है. अब स्वागत में माला और गुलदस्तों के स्थान पर विद्यार्थियों के उपयोग की सामग्री-जैसे स्कूल बैग, टिफिन, कॉपी, पुस्तकें, पेन, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री-स्वीकार की जाती है. इन्हें विभिन्न विद्यालयों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच वितरित किया जा रहा है.

जन्मदिन सेवा कार्य के साथ मना

नवभारत न्यूज

सागर 28 जुलाई. एडिना ग्रुप ऑफ फार्मेसी, द्वारा डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बीएमसी में मरीजों एवं उनके परिजनों को नि:शुल्क भोजन वितरण किया गया.

इस अवसर पर सेवा भाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश दिया गया. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रतीक जैन, डॉ. विवेक जैन तथा समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही. उपस्थित जनों ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवता, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को सशक्त बनाते हैं.

एक नजर में

अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में प्रदर्शन

गौरझामर. गौरझामर जो कि सबसे बड़ी पंचायत और बड़ा कस्बा जिनसे लगे लगभग 70 से अधिक पंचायतो के टोले और दो विद्युत सब स्टेशनजिसके होने से विद्युत प्रदाय सेवा का विस्तार भी अधिक है. परंतु बीते सप्ताह से अचानक बहुत अधिक विद्युत कटौती परेशानी का कारण बनती जा रही. जिसको लेकर सर्वहितेशी मांग को लेकर सर्वदलीय समाजसेवियों एवं नागरिकों,जनप्रतिनिधियों के आव्हान पर बुधवार 29 जुलाई दोपहर 1 बजे से गांधी चौक स्थल महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम जनमानस के साथ पद यात्रा से विद्युत कार्यालय हाता गुगवारा में विद्युत कार्यालय प्रभारी के समक्ष पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा. जिसकी सूचना पुलिस थाना में सौंपी गई.

सिद्धचक्र मंडल विधान में चढ़े 1024 अर्घ्य

सागर. महावीर जिनालाय, संत भवन, शास्त्री वार्ड में विराजमान मुनिश्री शाश्वत सागर महाराज एवं मुनिश्री नमि सागर महाराज के सानिध्य में चल रहा श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 1024 अर्घ समर्पित किए गए. विश्व शांति महायज्ञ और श्री जी की शोभा यात्रा के साथ 29 जुलाई को सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन होगा.

परीक्षा का कुलगुरु ने किया औचक निरीक्षण

सागर. रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विनोद मिश्रा ने शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरी में आयोजित की जा रही स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों से परीक्षा के संबंध में संवाद किया. उन्होंने केन्द्र पर परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया.

नमूने शुद्धता जांच के लिए भोपाल लैब भेजे

सागर. जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम हेतु ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है. खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा शहर, बंडा तथा बीना तहसील में एक साथ औचक निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए गए और नमूने शुद्धता जांच हेतु भोपाल लैब भेजे गए.

मंदिर प्रांगण में पौधारोपण

नवभारत न्यूज

सागर 28 जुलाई. अषाढ़ माह के अंतिम मंगलवार पर बालाजी मंदिर में युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत संगठन के साथियों के साथ पहुंचे.

श्री राजपूत एवं युवा शक्ति संगठन की पूरी टीम ने मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया. उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है. श्री राजपूत ने मंदिर परिसर से वीडियो संदेश जारी करते हुए श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से 29 जुलाई सायं 6 बजे मनसा पूरण सिद्ध धाम बालाजी मंदिर में आयोजित होने वाले महाअनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया.

अवैध हाथ भट्टी मदिरा एवं सामग्री बरामद

सागर. आबकारी विभाग द्वारा बीना एवं खुरई क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध हाथभट्टी मदिरा के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की गई. आबकारी कंट्रोलर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती पूजा चंद्रन के नेतृत्व में जिले एवं संभागीय उड़नदस्ता के अमले द्वारा कार्रवाई की गई. खुरई वृत्त प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर एवं बीना वृत्त प्रभारी श्रीमती रोशनी उरेती द्वारा ग्राम सदरपुर, बसारी एवं बीना के आगासौर के टांडा क्षेत्र में दबिश देकर भारी मात्रा में लाहन एवं हाथभट्टी कच्ची मदिरा बरामद की गई. कार्रवाई के दौरान 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए.

दिसंबर में आयोजित होगा गढ़पहरा महोत्सव

नवभारत न्यूज

सागर 28 जुलाई. संस्थापक दांगी क्षत्रिय राजवंश की रियासत के केंद्र गढ़पहरा किले के प्राचीन ऐतिहासिक हनुमानजी मंदिर पहुंच कर क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में क्षत्रिय समाज ने पूजन एवं ध्वजार्पण कार्यक्रम किया.

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में आगामी दिसंबर माह में गढ़पहरा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की भी रूपरेखा बनाई गई. आषाढ़ माह के आखिरी मंगलवार के पवित्र दिन श्री सिंह की उपस्थिति में क्षत्रिय महासभा ने केसरिया ध्वजा के साथ गढ़पहरा हनुमान जी के मंदिर में पहुंच कर दर्शन कर किला परिसर में एकत्रित हुए जहां पूर्व गृहमंत्री ने गढ़पहरा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों पर अपने विचार साझा किए. क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि गत सप्ताह आयोजित क्षत्रिय महासभा की बैठक में गढ़पहरा फोर्ट के संरक्षण और गढ़पहरा महोत्सव आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया था. आयोजन के लिए महासभा द्वारा रिटा. डीएसपी वीरेन्द्र बहादुर सिंह के संयोजकत्व में गठित आयोजन समिति को तैयारियों का दायित्व सौंपा गया है.

श्मशान घाट से अस्थियां हुई गायब

अंतिम संस्कार के अगले दिन अस्थि-संग्रह के लिए पहुंचे परिजन, चिता स्थल पर बिखरी मिली राख

नवभारत न्यूज

सागर 28 जुलाई. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम पथरिया जाट स्थित श्मशान घाट से अस्थियां गायब होने का मामला सामना आया है.

जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार के अगले दिन जब मृतक के परिजन धार्मिक परंपरा के अनुसार अस्थि-संग्रह करने पहुंचे, तो चिता स्थल की स्थिति देखकर उनके होश उड़ गए. वहां राख बिखरी हुई थी और कई अस्थियां नहीं मिलीं. घटना के बाद परिजनों ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अस्थियां हटाने या चोरी किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच और कार्रवाई की मांग की है. जानकारी के अनुसार ग्राम पथरिया जाट निवासी 82 वर्षीय जगन सूर्यवंशी का निधन हो गया था.परिजनों ने पूरे रीति-रिवाज के साथ गांव के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया. परिवार का कहना है कि चिता स्थल सामान्य स्थिति में था और अस्थियां वहीं सुरक्षित दिखाई दे रही थीं. सुबह जब परिवार के सदस्य परंपरा के अनुसार अस्थियां एकत्र करने के लिए मुक्तिधाम पहुंचे तो उन्हें चिता स्थल की स्थिति बदली हुई मिली. आसपास राख बिखरी हुई थी, जबकि कई अस्थियां वहां मौजूद नहीं थीं. पुत्र मोहन सूर्यवंशी ने बताया कि अंतिम संस्कार के अगले दिन सुबह पहुंचने पर अस्थियां गायब मिलीं. उनका आरोप है कि किसी ने जानबूझकर चिता स्थल से छेड़छाड़ की है. उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. ग्राम पंचायत के सरपंच प्रमोद यादव भी परिजनों के साथ सिविल लाइन थाना पहुंचे. उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है.

प्रदेश में तीसरा स्थान

सागर. एडिना कॉलेज ने गुणवत्ता शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया रैंकिंग एंड रेटिंग ऑफ फार्मेसी कॉलेज में जिले में प्रथम, मध्यप्रदेश में तृतीय तथा भारत में 113वीं रैंक प्राप्त की है. चेयरमैन राजेश जैन ने कहा कि यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है. डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है. भविष्य में भी एडिना कॉलेज राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षिता जैन एवं श्रीमति मंशा जैन ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण फार्मेसी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से उत्कृष्ट अवसर प्रदान करना है.

नवीन कक्षाओं का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 28 जुलाई. सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल अमरमऊ में विधायक निधि द्वारा नवनिर्मित नवीन कक्षाओं का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ.

मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र सिंह लम्बरदार रहे. विधायक श्री सिंह ने कहा सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारवान शिक्षा का केंद्र हैं. विधायक निधि से निर्मित ये नवीन कक्षाएं बच्चों के बौद्धिक और शैक्षणिक विकास को नई ऊंचाई देंगी. विद्यालय प्रबंध समिति और प्राचार्य ने माननीय विधायक जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन नवीन कक्षाओं से छात्रों को बेहतर वातावरण मिलेगा. इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक, माताएं-बहनें और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

दरगाह की दान पेटियों से रुपए निकालने का आरोप

नवभारत न्यूज

ललितपुर 28 जुलाई. वक्फ दरगाह हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह की दान पेटियों से अवैध रूप से धनराशि निकालने और परिसर पर अनाधिकृत कब्जे को लेकर प्रबंध कमेटी ने जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है.

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने दो सदस्यीय जांच कमेटी बना दी है. एडीएम महरौनी न्यायिक मोहम्मद जसमीन और तहसीलदार सदर भानुप्रताप सिंह को जांच कमेटी में नामित किया है. सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा गठित प्रबंध कमेटी अध्यक्ष शाकिर अली ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि विपक्षियों द्वारा दबंगई के बल पर दरगाह परिसर में लगी 03 दान पेटियों से 30,400 अवैध रूप से निकाल लिए गए. आरोप है कि निकाली गई राशि का कोई हिसाब-किताब नहीं दिया जा रहा है. कमेटी का कहना है कि उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में उर्स कमेटी को केवल जिला मजिस्ट्रेट की निगरानी में उर्स संपन्न कराने का निर्देश दिया गया था. परंतु उर्स कमेटी के लोग इस आदेश का दुरुपयोग कर दरगाह परिसर पर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए हैं.

प्रबंध कमेटी अध्यक्ष शाकिर अली ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि दान पेटी से अवैध रूप से राशि निकालने वाले नामजद व्यक्तियों हाजी अख्तर मास्टर व रमजान अली के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. वक्फ बोर्ड द्वारा गठित वैध प्रबंध कमेटी को दरगाह का संपूर्ण प्रभार एवं अधिकार दिलाया जाए ताकि परिसर के रख-रखाव का कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके. जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध वक्फ हजरत सदनशाह बाबा दरगाह की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है. जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर हेमंत पटेल को जांच सौंपी है. सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकृत 11-सदस्यीय प्रबंध समिति ने जिलाधिकारी/अपर सर्वे वक्फ आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी. समिति का आरोप था कि वक्फ अभिलेखों में दर्ज 6.81 एकड़ (27,573.62 वर्ग मीटर) संपत्ति पर तथाकथित उर्स कमेटी के लोग जबरन काबिज हैं. इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशानुसार उर्स कमेटी को केवल उर्स मेले के आयोजन की अनुमति थी, लेकिन इसके बावजूद वह संपूर्ण संपत्ति पर कब्जा जमाए हुए हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जांच एसडीएम सदर हेमंत पटेल को सौंपी है. उन्होंने जांच शुरू कर दी है. समिति ने मांग की है कि उर्स अवधि को छोड़कर शेष वर्ष का प्रबंधन नवगठित समिति को सौंपा जाए.